an>

Title: Need to make an ADRF (Agricultural Disaster Relief Fund) and distribute the money from this funds to farmers during natural disasters.

श्री दुष्यंत चौटाला **(हिसार) :** माननीय सभापति जी, जिस तरीके से सदन में मुझसे पूर्व भी सभी वक्ताओं ने कृषि क्षेत्र से संबंधित समस्याओं के बारे में बताया कि किस तरीके से फसल बर्बाद हुई। मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि देश के अंदर कोई भी आपदा आती है तो एनडीआरएफ के तहत तुरंत उन परिवारों को सहयोग राशि दी जाती है परंतु कृषि क्षेत्र में जब कोई आपदा आती है तो पहली बार सरकार ने एनडीआरएफ को डाइवर्ट करने का काम किया है। मेरी सरकार से यही अपील है कि कृषि क्षेत्र के अंदर भी यदि कोई आपदा आती है, जिस तरह से बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि या सूखा जैसी कोई आपदा आती है तो उसके लिए सरकार एडीआरएफ (एग्रीकल्चर डिजास्टर रिलीफ फंड) बनाने का काम करे जिसके तहत कॉर्प्स फंड से तुरंत प्रभाव में सरकार राशि किसानों तक पहुंचाने का काम करे और एडीआरएफ के अंदर कम से कम 250 करोड़ का कॉर्प्स फंड सरकार तुरंत बनाने का काम करे। माननीय प्रधान मंत्री जी और कृषि मंत्री जी से मेरा यही निवेदन है। धन्यवाद।

HON.CHAIRPERSON S/Shri P.P. Chaudhary, Raghav Lakhanpal, Shrimati Poonam Madaam, Kunwar Pushpendra Singh Chandel , Babu Lal Choudhary are being permitted to associate themselves with the submissions made by Shri Dushyant Chautala.